Seventeenth Loksabha

>

Title: Issue regarding provision of various faciliities in ESI hospital established in Kanpur.

श्री सत्यदेव पचौरी (कानपुर): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय श्रम मंत्री, भारत सरकार का ध्यान अति लोक महत्व के प्रश्न, जो मेरे संसदीय क्षेत्र से संबंधित है, ईएसआईसी हॉस्पिटल के निर्माण के संबंध में उनका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ ।

महोदय, कानपुर एक बहुत बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है । यहाँ पर लाखों की संख्या में मजदूर काम करते हैं और बीमित मजदूर काम करते हैं । पांडू नगर हॉस्पिटल, जहाँ 70 से 80 हजार मजदूर इलाज के लिए आते हैं, वह 300 बेड का हॉस्पिटल है । वर्ष 2016 में 376 करोड़ रुपये से एक नया सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाने के लिए शुभारम्भ किया गया ।

माननीय मंत्री जी ने उसका भूमि पूजन किया । उपकरण भी आ गए, लेकिन भवन अपूर्ण है, कोई डॉक्टर नहीं है, जो पहले अस्पताल था, वह भी बंद हो गया । वहां केवल ओपीडी की सुविधा रह गई है । यह अस्पताल केवल कानपुर का नहीं है । झांसी, बुंदेलखंड, हमीरपुर, फतेहपुर सारी जगह के श्रमिक यहां इलाज कराने के लिए आते थे । मैंने कई बार प्रयास किया है कि यह अस्पताल जो थोड़ा सा अपूर्ण रह गया है, वह पूर्ण हो जाए । जो उपकरण खरीदे गए हैं, उनमें जंग लग रही है, वह लगा दिए जाएं और डॉक्टरों की नियुक्ति हो जाए, ताकि वहां के जो श्रमिक हैं, बीमित श्रमिक हैं, उनको इलाज की एक अच्छी सुविधा उपलब्ध हो सके । इसलिए मैं माननीय श्रम मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि वह इस ओर ध्यान दें और यह अस्पताल जो अपूर्ण है, उसको पूर्ण कराएं और जिस सुविधा से श्रमिक आज वंचित है उनको वह उपलब्ध कराएं । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।